Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)
Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01
सच का साथी

दैनिक डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 04-10-2021 | अंक 18

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :7004315535,7004704981,9934337941



## न्यूज ब्रीफ

### विष्णुगढ़ में पंचायत समिति की 31 में 18 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**

वष्णुगढ़ में पंचायत समिति की 31 सीटें हैं। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंचायत समिति की सीट पर महिलाओं की खासी भागीदारी रहेगी। 31 सीटों में महिला सदस्यों की संख्या 18 होगी। अन्य सामान्य सीटों पर भी महिला सदस्यों की भागीदारी बढ़ने की संभावना है। प्रमुख का पद भी पिछड़ा वर्ग महिला के लिए रिजर्व रखा गया है।

APEM LIVE

# बरही इंटर महाविद्यालय की जमीन पर भू माफियाओं की नजर, महाविद्यालय प्रबंधन ने लगाई जमीन बचाने की गुहार

## कॉलेज प्राचार्य ने सीओ को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से कराया अवगत, मापी एवं ऑनलाइन रसीद निर्गत करने की मांग

**अपेम लाइव : बरही**


**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



बरही इंटर कॉलेज



बरही इंटर कॉलेज की खाली पडी जमीन, इसी पर है नजर



अ़रुण कुमार दुबे

बरही के एक मात्र सरकारी स्थायी प्रस्वीकृति अनुमति प्राप्त बरही इंटर कॉलेज इन दिनों भू माफियाओं से परेशान है। फर्जी कागजात बनाकर अंचल कार्यालय के मिलीभगत से जमीन की खरीद बिक्री का धंधा जोरो पर चल रहा है। प्रत्येक दिन कॉलेज की जमीन पर क्रेता एवं विक्रेता मुआवना करते देखे जाते हैं। इससे परेशान होकर बरही इंटर कॉलेज प्रबंधन ने इसकी सूचना एसडीओ एवं सीओ को दी है। सीओ को प्रेषित पत्र में क०लेज के प्राचार्य अरुण कुमार दुबे में कहा कि बरही इंटर कॉलेज की जमीन 7 एकड़ है। जो माननीय राज्यपाल के नाम से निबंधित है। उक्त जमीन डीवीसी हरला निवासी स्व रामचंद्र चौरसिया के द्वारा बतौर रजिस्ट्री 3.20 एकड़, दिनेश चौरसिया एवं महेश चौरसिया के द्वारा 1.60 एकड़ , मुरारी गोप हरला के द्वारा 1.20 एकड़ , महादेव प्रसाद से 0.50 एकड़ तथा भवानी महतो के द्वारा बतौर रजिस्ट्री 0.50 एकड़ जमीन हासिल है। उक्त प्राप्त जमीन, जमीन के रैयतों के द्वारा बतौर रजिस्ट्री 28 जुलाई 1987 को राज्यपाल के नाम से निबंधित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि उक्त सभी जमीन की जांच उपायुक्त हजारीबाग के निदेश पर हुई। उसके उपरांत ही दान पत्र रजिस्ट्री की गई थी। जमीन रजिस्ट्री के पहले जमीन के बारे में अभिलेख खोलकर जांच की गई। जिसका अभिलेख संख्या 01/1986-87 एवं 02/86-87 दिनांक 16 जून 1987 हसब दफा 49 छोटा नागपुर टेनेंसी एक्ट के लेख्यकारी गन को दिनांक 15 जुलाई 1987 पत्रांक संख्या 198 अंचल अधिकारी बरही वोवी पत्रांक 1102 दिनांक 14 जुलाई 1987 भूमि सुधार उप समा. हर्ता से आदेश प्राप्त है। इसके बाद कुछ भूमाफिया लोग फर्जी कागज बनाकर जमीन खरीद बिक्री के लिए उतारू है। जिससे कॉलेज का माहौल खराब हो रहा है। प्राचार्य ने एसडीओ एवं सीओ से उनकी अर्जित जमीन की मापी एवं ऑनलाइन रसीद निर्गत करने की मांग की है।

# ऑटो पलटने से +2 उच्च विद्यालय के 10 छात्रा घायल

**अपेम लाइवः बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




ऑटो पलटने से घायल हुई छात्रा

चौपारण प्रखंड़ अन्तर्गत बच्छई के समीप सोमवार सुबह ऑटो पलटने से 10 छात्रा घायल हो गई। जानकारी के अनुसार सभी छात्रा अपनी पढ़ाई के लिए + 2 उच्च विद्यालय बरही आ रहे थे। इसी क्रम में उनकी ऑटो को पीछे से आ रही एसर ट्रक ने अपने चपेट में ले लिया जिससे सभी छात्रा बुरी तरह घायल हो गए । घायलों में खुशबू कुमारी, पिता महावीर यादव पेटादीरी, मनीषा कुमारी, पिता विजय भुइयाँ पेटादीरी, पूजा कुमारी पिता प्रकाश माहतो पेटादीरी, संध्या कुमारी, पिता शंकर माहतो पेटादीरी, करिश्मा कुमारी, पिता छोटन यादव पेटादीरी, काजल कुमारी पिता मनोज रविदास पेटादीरी, संगीता कुमारी, पिता हुलाश रविदास पेटादीरी, रानी कुमारी, पिता लखन रविदास नई सिंघरावां आरती कुमारी, पिता महेश रविदास नई सिंघरावां, पूजा कुमारी पिता उमेश रविदास नई सिंघरावां शामिल है। जानकारी मिलते ही आस पास के लोगो ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, वही मनीषा कुमारी, एवं खुशबू कुमारी को माथा में गंभीर चोटें आई है। ग्रामीणों के सहयोग से ट्रक एवं ट्रक चालक को पकड़कर बरही थाना को शौप दिया।

# मुआवजा के नाम पर बरकट्ठा में जमकर घालमेल

## मुआवजा को लेकर अब तक संशय में है बरकट्ठा के रैयत

**अपेम लाइवः बरकट्ठा**

**सुनील कुमार**




निर्माणाधीन एनएच 2 सड़क कार्य

बरकट्ठा एनएच 2 सिक्सलेनिग फ्ला. ईओवर निर्माण से प्रभावित रैयतों को अब तक एनएचएआई द्वारा मुआवजा देने को लेकर अनिश्चितता बरकरार है ज्ञात हो इसी मुआवजा वितरण की समस्या को लेकर बरकट्ठा अंचल में 28 सितम्बर व 1 अक्टूबर को भूअर्जन विभाग का शिविर का आयोजन किया गया लेकिन बरकट्ठा बाजार में बसे केशरहिन्द प्रभावित परिवारों का दुख दर्द की चर्चा तक नही हुई मुआवजा देने की बात तो बहुत दूर है बरकट्ठा एनएच 2 को सिक्सलेन फ्लाईओवर निर्माण में बड़ी संख्या में बरकट्ठा के रैयतों ने अपना दुकान मकान को पुलिस प्रशासनिक दवाब में तोड़ दिया गया मुआवजा के नाम पर आज तक एक फूटी कौड़ी नही मिली मिला तो सिर्फ आश्वाशन कुल मिलाकर कहा जाए तो बरकट्ठा के रैयतों को सिर्फ एनएचएआई व अधिकारियों द्वारा सिर्फ बेवकूफ व अंधेरे में रखकर काम किया गया आज हालात यह है कि रैयत मुआवजा की मांग के लिए किस अधिकारी से करे समझ मे नही आता है ध्यान रहे वर्ष 2018 में मुआवजा की बात कह कर रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के अधिकारी चन्दन ठाकुर व राजकेश्वरी के अधिकारी आर शुक्ला के द्वारा अंचल कार्यालय के द्वारा बोनाफाइट बनाकर एनएचएआई को दिया गया एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा उस फाइल को ही गुम कर दिया गया इस सन्दर्भ में कोई प्रतिक्रिया अधिकारियों की नही मिल पाई ।

**क्या है समस्या** –ज्ञात हो बरकट्ठा बाजार खाता संख्या 375 केशरहिद भूमि पर बसा हुआ है जिसका जिक्र सर्वे खतियान में भी विभिन्न रैयतों के नाम से बक़ब्जे दर्ज है इस पर एनएचएआई के द्वारा सांसद अन्नपूर्णा देवी व विधायक अमित यादव के समक्ष ग्रामीणों को मकान का मुआवजा देने की बात कही थी वही इस संदर्भ में बरकट्ठा रैयतों का प्रतिनिधिमंडल के द्वारा हजारीबाग उपायुक्त कुमार आनन्द को आवेदन भी दिए जहां तुरन्त उपायुक्त के द्वारा बरही एसडीओ को मामले को देखने की बात कही गई लेकिन आज तक मुआवजा देने या नही देने के विषय पर कोई बात नही बन सकी जबकि बरही चौपारण में सरकारी गैरमजरूआ भूमि पर बसे ला. ेगो को स्ट्रक्चर का मुआवजा मिलना प्रारंभ हो गया है वही बरकट्ठा में अब तक मामला खटाई में है ।

## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी, कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांकः 04-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर



## संस्था झारखंडी एकता संघ (मुम्बई) के केंद्रीय महासचिव और केंद्रीय कोषाध्यक्ष महाराष्ट्र के शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ से की एक शिष्टाचार मुलाकात

**अपेम लाइवः बरही / मुम्बई**

महाराष्ट्र में रह रहे झारखंड प्रदेश के प्रवासियों के हितों तथा आये दिन होने वाली प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को लेकर संस्था झारखंडी एकता संघ के केंद्रीय महासचिव सदरुल शेख और केंद्रीय कोषाध्यक्ष ताज हसन अंसारी ने महाराष्ट्र की माननीय शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड से एक शिष्टाचार मुलाकात किए। उन्होंने ल०कडाउन के समय प्रवासियों को तत्प. रता के साथ मदद करने के लिए संस्था झारखंडी एकता संघ की ओर से मंत्री



शिक्षा मंत्री से मुलाकात करते

को धन्यवाद दिया। महाराष्ट्र में रह कर महाराष्ट्र के विकास में अमूल्य योगदान दे रहे झारखंड के प्रवासियों को अपने बच्चों के लिए आये दिन स्कूल क०लेज एवं अन्य शैक्षणिक कार्यो में होनी वाली दिक्कतों से उन्हें अवगत कराया। जिसपर शिक्षा मंत्री महाराष्ट्र ने सभी परेशानियों के निवारण करने की आश्वासन दी और बोली कि कभी भी आप लोग जनहित कार्यो के लिए आप हमें डायरेक्ट संपर्क कर सकते है।

## सकरेज में एल टी लाइन पोल के संपर्क मे आने से 245 वोल्ट से एक भैस की मौत

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार ,अजित कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के पंचायत झुरझुरी के ग्राम सक्रेज में एन एच् टू सिक्स लाइन सड़क चौड़ीकरण में सर्विस रोड के किनारे विधुत विभाग के द्वारा चौनल पोल गाड़ा गया है।. जिसमें स्ज लाइन दो खम्भों (पोल) में आज शाम 4 बजे करंट के चपेट में घास चरने के क्रम में एक भैस की मौत हो गई. मृत भैस किसान ग्राम गंगटियाही यादव टोला के निवासी पाचु यादव पिता- स्व गोपाल यादव की है।. झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष सह वार्ड सदस्य प्रमोद गुप्ता ने बताया कि गंगटियाही



मृत पडा पशु

निवासी पाचु यादव को मृत दुधारू पशु भैस की मौत से 60 हजार की आर्थिक क्षति पहुंची है. स्थानीय निवासी को मृत दुधारू पशु की करेंट से मौत पर विधुत विभाग जांचोपरांत उचित मुआवजा राशि दें।. सक्रेज के स्थानीय ग्रामीणों में नारा. जगी है, क्योंकि विगत महीनें पूर्व में दर्जनों घटना विधुत की लापरवाही से घटी है, एलटी लाइन पोल के संपर्क में आने से अबतक सैकड़ों पशुओं की मौत हुई है. कुछ माह पूर्व में इसी एलटी लाइन के दूसरे पोल में करेंट के चपेट में आने से हारो यादव की एक दुधारू पशु गाय की मौत हुई थी। आवेदन जेई विधुत विभाग बरकट्ठा और एसडीओ विधुत विभाग बरही को दिया गया था मगर मृत पशुओं का मुआवजा नहीं मिला है.

## जंगल गये युवक को सांप ने डंसा, तीन दिन बाद ईलाज के दौरान रिम्स रांची में हो गई मौत

### सदर अस्पताल हजारीबाग ने किया था रिम्स रांची रेफर परिजन घर लाकर कराते रहे झाडफूंक...हालत अधिक बिगडने के बाद रिम्स रांची ले जाया गया, हो गई मौत

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**
**राजु यादव**

टाटीझरिया के होलंग गांव के एक युवक की मौत सांप के डंसने से रिम्स रांची में सोमवार को हो गई है। गांव के होनहार युवक के मौत की सूचना के बाद क्षेत्र में मातम छा गया है। जानकारी के अनुसार होलंग निवासी डालचंद महतो (28 वर्ष) पिता स्व धनी महतो एक अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर में तीन बजे जंगल गया हुआ था। इस दौरान किसी सांप ने उसके बांये पैर



मृतक डालचन्द

में डंस लिया। सांप के डंसने के बाद डालचंद जंगल में जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। उसकी आवाज सुनकर आस-पास के लोग वहां जुटे और उसे उठाकर घर ले आए। इसके बाद आनन-फानन में उसे ईलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया। जहां उसके हालत बिग. डने के बाद रविवार को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उसे ईलाज के लिए रांची ले जाने के बजाय किसी झाडफूंक करने वाले के द्वारा उसे ठीक कर देने के आश्वासन पर युवक को होलंग गांव लेकर आ गए। जहां उसे ठीक करने के लिए दिनभर झाडफूंक चलता रहा। लेकिन युवक की तबियत और बिगडती चली गई। अंततः रविवार शाम में उसे रांची ले जाया गया। सांप डंसने के तीन दिन बाद ईलाज के दौरान सोमवार सुबह में डालचंद की मृत्यु हो गई। युवक की मौत से पत्नी डेगनी देवी, पुत्र मनीष कुमार (3 वर्ष), अनीष कुमार (2 वर्ष) और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरा गांव में मातम पसरा हुआ है।

## इमारत गिरने से चौपारण अम्बाजीत निवासी सुदंर साव की मुंबई में मौत, परिजनों का रो रो कर बुरा हाल

### सूचना मिलते ही चौपारण से मुंबई पहुंचे भाजपा नेता मनोज सिंह, पोस्टमार्टम करा शव को घर भेजवाने की किया व्यवस्था

**अपेम लाइवः चौपारण/मुम्बई**

चौपारण प्रखंड के अम्बाजीत निवासी सुंदर साव (61) की मौत मुंबई में इमारत गिरने से उसी के चपेट में आने से हो गई। वह दिहाड़ी मजदूर था। ठेला रिक्सा चलकर अपना जीविकोपा. र्जन पार्जन करता था। इसकी सूचना भाजपा के झारखण्ड सेल के संयोजक एवं भाजपा नेता मनोज कुमार सिंह को मिली। उन्होंने बिना देर किए एयर विमान से मुंबई पहुंचे और घटना स्थल पर पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली। अपने सहयोगियों के साथ शव को पोस्टमार्टम कराया। एम्बुलेंस की व्यवस्था की और शव को झारखण्ड के चौपारण प्रखंड के अम्बाजीत भेजवाने की व्यवस्था की। मजदूर की दुखद मौत पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए मनोज सिंह ने कहा कि हम सब अपनी मातृभूमि से स्नेह एवं प्रेम करते है। इसलिए जब भी झारखण्ड का कोई मजदूर मुंबई जैसे शहर में परेशानी में रहता है। या उनके साथ कोई अनहोनी घटना घटाई है , तो वैसी परिस्थिति में मैं अपनी मातृभूमि की माटी का कर्ज चुकाने के लिए घटना स्थल पर हर हालत में पहुंच जाता हूँ। ताकि उनका मदद हो सके।



शव को भेजवाते मनोज सिंह



पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करवाते मनोज सिंह व अन्य

सुंदर छ्लु साव एक गरीब मजदूर थे। उन्हें सरकार से मदद की दरकार है। स्थानीय विधायक से वार्ता कर जल्द ही मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा। मृतक के परिजनों को सहयोग करने वालो में समाजसेवी अजय गुप्ता, विजय यादव, राजकुमार साव, सुखदेव राना, आभिक साव, अजीत कुमार, अख्तर अंसारी, अनुपम कुमार, दिनेश गुप्ता, राजु गुप्ता, जुगल साव, शंकर साव ने इनका सहयोग शामिल थे।

## लायन्स क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

**अपेम लाइवः टाटीझरिया**
**राजु यादव**

टाटीझरिया लायन्स क्लब ऑफ हजारीबाग रोअं. रंग द्वारा टाटीझरिया मे कोविड से बचाव हेतू टीकाकरण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे कार्यक्रम प्रभारी राजमोहन वर्मा, मदन यादव, यशवंत कुमार, रोहित कुमार यादव के द्वारा डहरभंगा ग्राम में सोमवार को टीकाकरण के लिए लोगों को निर्भीक होकर टीका लेने के लिए प्रेरित किया गया एवं टीका से होने वाले लाभ के बारे मे बताया गया।

## कल बाधित रहेगी बिजली

टाटीझरिया प्रखंड के टाटीझरिया और झरपो फीडर का 33 हजार तार का मरम्मति के लिए आज सुबह 9 से शाम 4 बजे तक बिजली बाधित रहेगा। इसकी जानकारी बिजली मिस्त्री शंकर कुमार ने दिया।

APEM LIVE

## राशन कार्ड नही बनाए जाने पर कोनरा की महिलाओं ने किया प्रखंड कार्यालय की तालाबंदी

### दो घंटा रहा ताला बंद, सरकारी कामकाज बाधित

**अपेम लाइव बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी राशन कार्ड नही बनने से आक्रोशित कोनरा की सैकड़ो महिलाओं ने सोमवार प्रखंड कार्यलय का तालाबंदी कर मुख्य गेट पर धरना में बैठ गई। जिसके कारण लगभग 2 घण्टे तक कामकाज बाधित रहा। सूचना पर विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव एवं भाजपा नेता रितेश गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और उनकी समस्या से अवगत हुए। धरना पर बैठी महिलाओं ने उन्हें बताया कि कोरोना जैसे विकट परिस्थिति से वें लोग गुजर रहे है। सैकड़ो लोगों का





तालाबंदी कर विरोध करती महिलाएं



एम ओ को आवेदन सौंपती महिलाएं

राशन कार्ड ऑनलाइन भरा गया है, लेकिन अबतक नही बन पाया है। वहीं महिलाओं ने बताया कि उनके पास न तो शौचालय है और न ही रोजगार के कोई साधन। उनकी जमीन कौड़ी के भाव लेकर उदयोग धंधे में लग गए। लेकिन रोजगार नही मिला। विधायक प्रतिनिधि बिनोद यादव ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि उनके समस्याओं का समाधान किया जाएगा। तत्काल उन्होंने प्रखण्ड आपूर्ति पदा. धिकारी आजाद सिंह को निर्देश दिया कि आहर्ता रखने वाले लोगों का राशन कार्ड बनाया जाए। महिलाओं की मांग जायज है। जिसके बाद महिलाओं ने बीडीओ के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि पंचायत की काफी संख्या में महिला व बुजुर्ग महिलाओं का पेंशन, बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाया जाए अन्यथा पुनः वह आंदोलन करेंगी। मौके पर रूबी विश्वकर्मा, रुकसाना खातून, शायरा देवी, गुलजान प्रवीण, साबरा खातून, शबाना तबस्सुम, रुकसाना खातून, नीतू देवी, अनीता देवी, राबिया खातून, रेहाना प्रवीण, शबनम खातून, सबीना खातून, नाजमी खातून, अफसाना बानो, नजमा खातून, गुलशन खातून, जीवा प्रवीण, जीवनी देवी, शबनम खातून के अलावा कोनरा प्रधान मो ताजुद्दीन, देवचंद यादव, मो वारिस अंसारी, विष्णुधारी महतो, यमुना यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार  सहयोगीः सोनू पंडित, धनंजय कुमार  एडिटिंगः कृष्णा प्रजापति  मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## नगर भवन में दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न, बरही एसडीओ पूनम कुजूर एवं डीएसपी नाजिर अख्तर हुए शामिल

### कोविड प्रोटाकॉल, सुरक्षा व पूजा के सफल आयोजन को लेकर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**

**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

नगर भवन में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को उपायुक्त आदित्य कुमार आनन्द की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस मौके पर पुलिस प्रशासन तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ पूजा के आयोज. कों की भी उपस्थिति रही। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि कोविड का खतरा अभी टला नहीं है सावधानी बरत. ें। पूजा/त्योहार को सादगी से मनायें, सरकार के गाइ. डलाईन का स्वतः कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि अभी तक 50 प्रतिशत आबादी ने कोरोना वैक्सिन की सिंग डोज लिया है। जबकि बच्चे पूरी से वैक्सिन की सुरक्षा से वंचित हैं, इसे ध्यान में रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कभी भी संक्रमण पुनः बढ़ सकता है। मौके पर मौजूद लोगों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पिछली गलतियों से सीखने की जरूरत है। लापरवाही न बरतें खतरा अभी टला नहीं है। पर्व/त्योहार महामारी के प्रसार का वाहक न बने यह हमें ही तय करना है। इसलिए सादगी के साथ संयमित होकर गाइडलाईन का पालन करते हुए त्योहार मनाना जरूरी है। उन्होंने दुर्गापूजा की शुभकमनाओं देते हुए सुरक्षित व संयमित तरीके से त्योहर मनाने की बात कही।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण आपसी सद्भाव के साथ मनाये जाने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की गई है। उन्होंने पूजा पण्डाल आयोजकों को हर पंडल में कम से कम 4 सीसीटीवी कैमरे लगाने, पंडाल के लिए अग्निशामक, बिजली व पीडब्ल्यूडी विभाग से एनओसी लेते हुए थाना को सौंपने की बात कही। उन्हा. ेने सुरक्षात्मक उपायों को प्रदर्शित करने वाले फ्लैक्स सभी पंडलों में संधारित करने का निर्देश पण्डाल संचालकों को दिया। उन्होंने सभी थानों को असमाजिक तत्वों व साम्प्रदायिक भावनाओं को आहत करने वाले पोस्ट के लेकर सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अभय कुमार सिन्हा, एसडीओ सदर विद्या भूषण कुमार,एसडीओ बरही पूनम कुजूर, अपर समाहर्ता प्रदीप तिग्गा, अपर समा. हर्ता राकेश रौशन, थाना प्रभारी सहित पूजा पंण्डालों के संचालक मौजूद थे।



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी



बैठक में अपनी बात रखते डीएसपी नजीर अख्तर

**अक्टूबर 2021 के दौरान दुर्गा पूजा/दशहरा के पालन के लिए दिशा-निर्देश**

1. दुर्गा पूजा आमतौर पर भक्तों द्वारा मंदिरों या निजी तौर पर घर पर की जाती है। पूजा विशेष रूप से बनाए गए छोटे पंडालों/मंडपों में भी की जा सकती है, जहां यह पा. रंपरिक रूप से किया जाता है, अन्य पूजा समिति के सदस्यों द्वारा सार्वजनिक भागीदारी के बिना, अनुष्ठानों के प्रदर्शन के उद्देश्य से किया जाता है। 2. पूजा पंडाल के निर्माण की अनुमति कंटेनमेंट जोन के बाहर है। 3. दुर्गा पूजा पंडाल/मंडप को चारों तरफ से बैरिकेडिंग किया जाएगा और आगंतुकों के प्रवेश को रोकने के लिए तीन तरफ से कवर किया जाएगा। भक्त बैरिकेड के बाहर दूर से ही दर्शन कर सकते हैं।) पंडाल में प्रवेश किए बिना 4. पूजा पंडाल/मंडप का निर्माण किसी भी विषय पर नहीं किया जाएगा। पूजा पंडाल/मंडप के आसपास के क्षेत्र में प्रकाश द्वारा कोई सजावट नहीं की जाएगी। सुरक्षा और सुरक्षा के उद्देश्य के लिए आवश्यक प्रकाश की अनुमति है। नहीं पूजा पंडाल/मंडप में और उसके आस-पास स्वागत द्वार/तोरण द्वार नहीं बनाए जाएंगे। 8. मूर्ति का आकार 5 फीट से अधिक नहीं होना चाहिए। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, सार्वज. निक पते के माध्यम से टेप/अ०डियो/डिजिटल रिक०र्डिंग का कोई प्रसारण नहीं किया जाएगा। प्रणाली। सभी पूजा समिति के सदस्य/पुजारी/स्वयंसेवक किसी भी समय पंडाल में उपस्थित यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें 10 से पहले टीका लगाया गया है। कोविड- 19 के लिए कम से कम एक खुराक, 11. इस अवसर पर कोई मेला/मेला आयोजित नहीं किया जाएगा। 12. दुर्गा पूजा पंडाल/मंडप में और उसके आसपास कोई भी फूड स्ट०ल नहीं खोला जाएगा। 13. दुर्गा पुला पंडाल/मंडप में मौजूद आयोजकों, पुजारियों और सहयोगी स्टाफ सहित। किसी भी समय, 25 से अधिक व्यक्ति नहीं होने चाहिए।

APEM LIVE

## प्रिंसिपल का तिलैया डैम में डूबने से हुई मौत मामले में तिलैया डैम ओपी में हत्या करने का मामला दर्ज

**अपेम लाईव : चंदवारा**

**धीरज कुमार**

रविवार को तिलैया डैम में आर्यन कोचिंग के प्रिंसिपल का डूबने से हुई मौत मामले में तिलैया डैम ओपी में हत्या करने का मामला दर्ज किया गया है। मृतक के पिता नवादा जिला के नारदीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामे फाजिलपुर निवासी शैलेश कुमार ने थाने में दिए आवेदन में कहा है कि उनका बेटा संजीव कुमार की हत्या सुनियोजित तरीके से तिलैया डैम में राकेश कुमार पिता अशोक सिंह ग्राम सबलपुर, थाना राजगीर, जिला नालंदा के द्वारा अन्य साथियों के साथ मिलकर की गई है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि उनके बेटे को मारपीट कर एवं नशीला पदार्थ का सेवन करा कर हत्या कर दी गई और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से तिलैया डैम में फेंक दिया गया। उन्होंने कहा है कि उन्हें शाम 5:00 बजे फोन से मालूम हुआ और जब तक वो व उनके परिवार के अन्य सदस्य तिलैया डैम पहुंचे तब तक मामला को रफा-दफा करने के नियत से थाना प्रभारी के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा की हत्या सुनियोजित एवं साजिश के तहत की गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



मृतक संजीव कुमार फाइल फोटो

## मार्खम कश्वलेज में जिला परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा एवं लाइसेंस निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

### क्विज प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**

स्थानीय मार्खम कॉलेज स्थित विवेकानंद सभागार में जिला परिवहन विभाग के तत्वाधान में सड़क सुरक्षा एवं लाइसेंस निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्शायला में क०लेज के शिक्षक, कर्मचारी एनएसएस के स्वयंसेवक ,एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए क०लेज के प्राचार्य डॉ बिमल कुमार मिश्रा ने सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय तनिक सी चूक जीवन के लिए घातक हो सकती है। उन्होंने कहा कि दो पहिया अथवा चार पहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को हमेशा सड़क सुरक्षा एवं ड्राइविंग की जानकारी रहनी चाहिए।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) विजय कुमार ने कहा कि हर वाहन चालक को ड्राइविंग एवं सड़क सुरक्षा की जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ ही वाहन चालक को हमेशा वाहन चलाते समय हेलमेट अथवा सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहि डीटीओ श्री कुमार ने हेलमेट के प्रयोग करने से उसके फायदे की जानकारी डेमो के माध्यम से दी। कार्यशाला में काम चलाऊ हेलमेट एवं आईएसआई मार्का हेलमेट पर हथौड़ी से चोट कर दिखाया कि किस तरह काम चलाऊ हेलमेट टूट जाता है तथा आईएसआई मार्क्सवाद का हेलमेट नहीं टूटता है। डीटीओ ने खरबूजे पर हथोड़ी का प्रहार करवाकर दिखाने का प्रयास किया कि किस तरह मनुष्य का सिर तरबूज की भांति है जो चोट खाकर चूर -चूर हो जाता है। कार्यशाला को विद्यार्थियों समेत एनएसएस के स्वयंसेवक दानिश कुमार महथा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में क०लेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया। नुक्कड़ में सभी शिक्षकों, कर्मच. ारियों एवं विद्यार्थियों की काफी अभिरुचि देखी गई। कार्यशाला के अंत में आयोजित क्विज प्रतियो. गिता में सफल प्रतिभागियों में रूपा कुमारी, विशाल कुमार ,एनएसएस के स्वयंसेवकों में प्रगति प्रेरणा, अविनाश कुमार पांडेय, प्रीति कुमारी,बसंत कुमार, राजेंद्र यादव ,रोहित कुमार, तेजवंत कुमार को पुरस्कृत किया गया। कार्यशालाा की शुरुआत एनएसएस के स्वयंसेवकों ने स्वागत गीत से किया। मंच संच. ालन एवं धन्यवाद ज्ञापन क०लेज के प्रोग्राम अ०फिसर भोला नाथ सिंह किया इस अवसर शिक्षकों में मुख्य रूप से ड० प्रदीप कुमार सिंह, ड० एसके सिंह, डॉ दशरथ यादव ,डॉ रूपम कुमारी , गौसिया प्रवीण समेत कई शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित थे।



कार्यशाला में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

### आज का पंचाङ्ग-

आज का अंग्रेजी दिनांक :---05.10.2021

शुभसंवत् :---2078(आनंद)

शके:---1943

याम्यायन सौम्यगोलेरू

;तु:---शरद

माह:---अश्विन

पक्ष:---—ष्णा पक्ष

तिथि:---चतुर्दशी तिथि

दिन:---मंगलवार

नक्षत्र:---उ.फा. नक्षत्र

योग:---शुक्ल

करण:---बग

सूर्योदय:---प्रातः 06:09

सूर्यास्त: संध्या 05:51

सूर्य :---कन्या राशि में

चंद्रमा :---सिंह राशि में प्रातः 08:19 तक उपरांत कन्या राशि में

आज का राहूकाल दिन:---03:00 बजे से प्रात::---04:30 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त:---दोपहर 11:36 से 12:24 तक

(नोट:---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रा. रंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)



आलेख:---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

अपेम लाइव न्यूज में विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-

सोनू पंडित, मो0 9550809864

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हजारीबाग सिविल सर्जन से मिले सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सुल्ताना और अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, दारू डॉक्टर विहीन होने और यहां पदस्थापित स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यशैली से कराया अवगत

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



सिविल सर्जन से मिलने पहुंचे विधायक मीडिया प्रतिनिधि

हजारीबाग जिले के सिविल सर्जन डॉ.एस.पी.सिंह से सोमवार को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में अवस्थित उनके कार्यालय कक्ष में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रति. निधि रंजन चौधरी ने मुलाकात की और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के चतरा रोड अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सुल्ताना और दारू प्रखंड क्षेत्र के बगोदर रोड स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटो की वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए जिला मुख्यालय के सबसे करीब इन दोनों प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन होने और यहां पदस्थापित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मनमानी तरीके से पिक आवर में ही केंद्र में ताला लगाए जाने से इसके प्रभावित क्षेत्रों के मरीजों को होने वाली समस्याओं से विस्तार पूर्वक अवगत कराया। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने उन्हें बताया की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सुल्ताना जो जिला मुख्यालय से महज 9 किमी की दूरी पर और कटकमदाग प्रखंड मुख्यालय से महज 2.5 किमी दूरी पर अवस्थित है और घनी आबादी के बीच होने के बावजूद यहां पिछले कई महीनों से वर्तमान में कोई भी चिकित्सक का पदस्थापित नहीं है। यहां दो एएनएम का पोस्टिंग है लेकिन पिक आवर में भी यह केंद्र में ताला बंद रहता है। इसी तरह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटो, दारू भी जिला मुख्यालय से महज 19 किमी की दूरी और दारू प्रखंड मुख्यालय से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित है। यहां भी पिछले महीने से कोई डॉक्टर का पदस्थापन नहीं होने से दारू प्रखंड क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को चिकित्सा सेवा का लाभ से वंचित रखा जा रहा है। जबकि पूर्व में इन दोनों प्रमुख स्वास्थ्य केंद्रों में आ.पीडी के माध्यम से डॉक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करते थे। विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों के हित में इन दोनों स्वास्थ्य केंद्रों में तत्काल चिकित्सक पदस्थापित करने, यहां पदस्थापित स्वास्थ्य कर्मियों को समय उपलब्धता और दोनों केंद्रों को 24 घंटे सातों दिन सक्रिय करते हुए सभी प्रकार की जरूरी स्वस्थ सुविधाएं सुदृढ़ कराने की मांग सिविल सर्जन डॉ. एस.पी. सिंह से की। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि जिला मुख्यालय के बॉर्डर इलाके में जब स्वस्थ सुविधा का ये आलम है और स्वास्थ्य कर्मी लापरवाह है तो जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने हजारीबाग जिला प्रशासन और जिले के सिविल सर्जन डॉ.एस.पी. सिंह से आग्रह किया कि हजारीबाग के ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन करें और भौतिक निरीक्षण कर जायजा लेते हुए जनहित में इसे सुदृढ़ बनाए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति की निगरानी करने हेतु सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनिटरिंग करने की भी मांग की। सिविल सर्जन डॉ.एस.पी. सिंह ने विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं खुद इन दोनों स्वास्थ्य केंद्र का भौतिक निरीक्षण कर जनहित में जल्द यथोचित पहल करूंगा।

## कच्चा मकान गिरने से घर के अंदर सो रही युवती की मौत

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



मृत युवती का पड़ा शव

जयनगर प्रखंड के ग्राम घंघरी में सोमवार की रात्रि सो रहे पूरा परिवार के ऊपर कच्चा मकान गिर जाने से एक युवती की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार घंघरी गांव के उदय सिंह अपने परिवार के साथ रात्रि में अपने घर में सो रहे थे इसी बीच जर्जर स्थिति में उनका कच्चा मकान गिर गया। जिससे उनकी 17 वर्षीय पुत्री करूणा कुमारी की मौके पर मौत हो गई। जबकि घर के अंदर सो रहे हैं अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए घटना की सूचना पाकर जयनगर बीडीओ व पुलिस प्रशासन के साथ-साथ कई समाजसेवी उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना प्रकट किए। इस दौरान कई समाजसेवियों ने उदय सिंह को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रशासन तथा समजसेवियीं से गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि उदय सिंह काफी करीब व्यक्ति हैं और उनके घर में खाने पीने के सामान भी मौजूद नहीं है।

## मायके के लिए निकली महिला रास्ते से गुम

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**



अनिता देवी **फाइल फोटो**

अपने ससुराल विष्णुगढ़ से मायके तोपचांची जाने के लिए निकली महिला रास्ते से गुम हो गई। लापता महिला अनिता देवी (45) पति सरयू ठाकुर विष्णुगढ़ के बोलियागंज की रहनेवाली है। बताया जाता है कि महिला बीते 24 सितंबर को घर से मायके जाने की बात कहकर निकली थी। पति सरयू ठाकुर ने जब ससुराल में बातचीत की तो पता चला कि वह मायके अब तक नहीं पहुंची है। अन्य रिश्तेदारों से भी पता करने पर उसकी जानकारी नही मिली। कुछ दिन बाद पति ने देखा कि बेटी की शादी के खर्च के लिए घर में रखे गए डेढ़ लाख रुपये तथा जेवरात भी गायब हैं। इसे लेकर पति सरयू ठाकुर ने विष्णुगढ़ थाना में सनहा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## मारपीट में ठेला दुकानदार घायल , रेफर

### घायल दुकानदार की पत्नी ने थाना में दी आवेदन मारपीट, छिनतई एवं छेड़छाड़ का आरोप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

गया रोड बरही हरिनगर निवासी नरेश प्रसाद केसरी के साथ बरही डीह के कुछ लोगों ने मारपीट की। मारपीट में नरेश प्रसाद केसरी गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इस बाबत घायल नरेश प्रसाद केसरी की पत्नी मंजू देवी ने बरही थाना में आवेदन देकर बरही डीह निवासी अमित पासवान, सोनू पासवान सहित 7 - 8 अज्ञात लोगों पर मारपीट करने, ठेला उलट देने, छिनतई करने तथा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाई है। थाना में दिए आवेदन में महिला मंजू देवी ने बताया कि 4 अक्टूबर को रोहित पासवान, सोनु पासवान एवं 7-8 अज्ञात लड़के गूट बनाकर सुबह 10 बजे मेरा ठेला के पास आकर ठेला को उलट दिया। गल्ला का पैसा एवं मेरे पति के गले से सोने का लझूकेट छीन लिया, जब मैं और मेरे पति चिल्लाने लगे तो हाथ मे लोहा का छड़ एवं प्लास्टिक का छड़ लेकर जानलेवा हमला किया। सोनू पासवान मेरा बाल पकड़कर मुझे मारने लगा और अज्ञात लड़के मेरे पति को मारकर बेहोश कर दिये। लोगो को इकट्ठा होते देख सभी फरार हो गए, उसके बाद मैं अपने पड़ोसियों के साथ अपने पति को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ से उसे गंभीरावस्था में सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया अभी मेरे पति हज़ारीबाग़ में भर्ती है, जानकारी मिली है कि ज्यादा मार होने के कारण बायां पैर वा बायाँ हाथ टूट गया है। शरीर मे कई जगह छाले वा अंदरूनी चोटें आई है।

## सदर विधायक ने इरगा ग्रामवासियों को 4.15 फीट की आकर्षक हनुमान जी की मूर्ति किया भेंट

### समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह और विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर ने ग्रामीणों को सौंपा मूर्ति, भक्तिमय माहौल में ले गए ग्रामीण

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



हनुमान जी की मूर्ति के साथ ग्रामीण

सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड स्थित दारू खरिका पंचायत के ग्राम इरगा सार्वजनिक दुर्गा पूजा महासमिति को वहां नवनिर्मित हनुमान जी की मंदिर के लिए 4.15 फीट की आकर्षक संगमरमर की प्रतिमा भेंट की गई। सोमवार को विधायक मनीष जायसवाल की ओर से ग्रामीणों को हनुमान जी की यह प्रतिमा समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर, भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार साहू, विधायक कार्यालय के विशेषांक वर्मा ने संयुक्त रूप से सौंपा। इस क्रम में ग्रामीण भरत प्रसाद, श्रवण सुंडी, प्रेम साव, दिनेश सोनी, अरविंद कुमार, योगेश्वर कुमार, मनोज कुमार, शैलेंद्र कुमार, रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, भैरो प्रसाद, नागेन्द्र प्रसाद, जय नारायण प्रसाद सहित अन्य लोगों ने नारे-जयकारे के साथ वीर बजरंग बली की प्रतिमा को गाड़ी में सवार कर निर्धारित मंदिर स्थल ले जाने को रवाना हुए। मौके पर समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने बताया कि भक्ति में अनंत शक्ति है। सदर विधायक मनीष जायसवाल जनसेवा के कार्यों के साथ धर्म और अध्यात्म के प्रति भी सचेत रहते हैं और समाज में सहयोग के माध्यम से अपना बहुमूल्य योगदान देते हैं। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि हनुमान जी अजर- अमर है और वह अपने भक्तों पर कृपया कर उनके सारे कष्ट हर लेते हैं। वह हर युग में अपने भक्तों की समस्याओं का समाधान करते हैं। उन्होंने कामना किया की हनुमान जी संपूर्ण विश्व मानव जाति का कल्याण करें। विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौर ने कहा कि कलयुग में साक्षात देवता के रूप में हनुमान जी की प्रार्थना और पूजा की जाती है और वे अपने भक्तों पर अत्यंत प्रसन्न होकर अपनी कृपा हमेशा बनाए रखते हैं। उन्होंने बताया की सदर विधायक मनीष जायसवाल जननेता के साथ सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा और उत्थान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

## महिलाओं की बढ़ेगी भागीदारी, चुनकर आएंगे लगभग 17 पंचायत समिति सदस्या

**अपेम लाइव :चौपारण**
**किशोर कुमार राणा**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग द्वारा जारी किए गए पंचायत वार पंचायत समिति सदस्यों के आरक्षण सबंधिति सूची में इस बार महिलाओ का भागीदार बढ़ा है। समिति सदस्यों के कुल 32 सीटों में 17 सीट पर महिलाओ का चुनकर आना तय है जबकि अन्य सीटो पर भी प्रमुख चुनाव को लेकर महिलाओं की भागीदारी बढ़ने की प्रबल संभावना है।

जानिए किस सीट पर क्या हुवा आरक्षण सीट।

| पंचायत | आरक्षित सीट | कोटी |
|---|---|---|
| चोरदाहा | अनुसूचित जनजाति | महिला |
| दैहर (1) | अनुसूचित जाति | अन्य |
| दैहर (2) | अनुसूचित जाति | महिला |
| झापा | पिछड़ा वर्ग | अन्य |
| दादपुर | अनारक्षित | अन्य. |
| चौयकलां | पिछड़ा वर्ग | महिला |
| यवनपुर | पिछड़ा वर्ग | महिला |
| बेला | पिछड़ा वर्ग | अन्य |
| चौथी | अनारक्षित | अन्य |
| चौपारण | अनारक्षित | महिला |
| ताजपुर | अनारक्षित | महिला |
| भगहर | अनुसूचित जाति | महिला |
| करमा (1) | अनारक्षित | अन्य |
| करमा (2) | अनारक्षित। | महिला |
| बहेरा (1) | अनारक्षित | महिला |
| बहेरा (2) | अनारक्षित | महिला |
| मानगढ़ | अनारक्षित | अन्य |
| जगदीशपुर (1) | अनारक्षित | महिला |
| जगदीशपुर (2) | अनारक्षित | अन्य |
| पाण्डेयबारा (1) | अनारक्षित | महिला |
| पाण्डेयबारा (2) | अनारक्षित | अन्य |
| पडरिया | अनुसूचित जाति | महिला |
| बसरिया | अनुसूचित जाति | महिला |
| ब्रहमोरिया। | पिछड़ा वर्ग | महिला |
| बेलाही | अनुसूचित जाति | अन्य |
| रामपुर। | अनुसूचित जाति। | अन्य |
| सेलहारा। | अनुसूचित जाति। | अन्य |
| डेबो। | पिछड़ा वर्ग। | महिला |
| गोविंदपुर। | पिछड़ा वर्ग। | अन्य |
| सिंघरावां (1) | अनारक्षित। | महिला |
| सिंघरावां (2) | अनारक्षित | अन्य |
| बच्छई | अनारक्षित | अन्य |




## कोरोना से मृत अभिभावक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देगा बाल विकास विद्यालय

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार बर्मन**

कोरोना काल में विष्णुगढ़ में कई लोग असमय काल के गाल में समा गए। कई ऐसे भी लोग हैं जिनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। ऐसे परिवारों को कई समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। एक तो घर परिवार चलाने की समस्या तो दूसरी ओर बच्चों के परवरिश की समस्या मुंह बाये खड़ी है। ऐसे में विष्णुगढ़ के बाल विकास विद्यालय ने सराहनीय पहल की है। विद्यालय के प्राचार्य नवलकिशोर वर्मा ने घोषणा करते हुए कहा है कि ऐसे बच्चे जिनके माता, पिता या दोनों लोग कोरोना से अपनी जान गवां बैठे हैं, उनके बच्चों की 10वीं कक्षा तक विद्यालय परिवार मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगी। इसके अलावा अन्य विशेष तरह की भी सुविधाएं दी जाएगी। प्राचार्य के इस घोषणा की लोगों ने सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के कदम को अतुलनीय एवं समाज के लिए स्वागतयोग्य बताया है।

APEM LIVE